# <u>जनपद बाराबंकी</u>

**दिनांक-28.09.2023**

**थाना देवा पुलिस द्वारा 02 शातिर मादक पदार्थ तस्करों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 1.1 किग्रा स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 01 करोड़ 10 लाख रुपये) व एक अदद वाहन बरामद-**

जनपद में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अपराधियों तथा मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आशुतोष मिश्र के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी नगर डॉ0 बीनू सिंह के पर्यवेक्षण में दिनांक 27.09.2023 को थाना देवा पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर मादक पदार्थ तस्करों 1. जावेद उर्फ मोनू पुत्र स्व0 हासिम अली निवासी डालीगंज डोर वाली गली मुंशीगंज तकिया थाना हसनगंज जनपद लखनऊ 2. अली हसन पुत्र पीर गुलमा निवासी ग्राम रजौली थाना गुडम्बा जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 1.1 किलोग्राम अवैध स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 01 करोड़ 10 लाख रुपये), 01 अदद लोडर छोटा हाथी UP 32 LN 1614 बरामद किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना देवा पर मु0अ0सं0 858-859/2023 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

पूछताछ से प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण द्वारा जनपद लखनऊ निवासी मुन्ना से स्मैक खरीदकर जनपद बाराबंकी, लखनऊ व आस पास के जनपदों में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी बरामद वाहन के माध्यम से की जा रही थी। वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किया जा रहा है। अभियुक्तगण के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की जा रही है।

**<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-</u>**

1. जावेद उर्फ मोनू पुत्र स्व0 हासिम अली निवासी डालीगंज डोर वाली गली मुंशीगंज तकिया थाना हसनगंज जनपद लखनऊ
2. अली हसन पुत्र पीरगुलमा निवासी ग्राम रजौली थाना गुडम्बा जनपद लखनऊ

**<u>बरामदगी-</u>**

1. 01 किलो 100 ग्राम अवैध स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 01 करोड़ 10 लाख रुपये)
2. 01 अदद लोडर छोटा हाथी UP 32 LN 1614

**<u>पुलिस टीम-</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री पंकज कुमार सिंह थाना देवा जनपद बाराबंकी ।
2. उ0नि0 श्री शशिकान्त सिंह थाना देवा जनपद बाराबंकी।
3. उ0नि0 श्री रमेश सिंह थाना देवा जनपद बाराबंकी।
4. का0 हरवंश कुमार, का0 अमर नाथ थाना देवा जनपद बाराबंकी।